# 880 पैकेट नकली चायपत्ती, रेपर व पैकिग मशीन बरामद, एक गिरफ्तार

Publish Date:Wed, 08 Jan 2020 12:55 AM (IST)

दरभंगा। स्थानीय थाने की पुलिस ने क्षेत्र के केवटी जीवड़ा गांव के एक घर में छापेमारी कर टाटा कंपनी के नाम की बड़ी मात्रा में नकली चायपत्ती, रेपर व पैकिग मशीन बरामद की है। साथ ही पुलिस ने कारोबारी केवटी जीवड़ा गांव निवासी शंभू साह के पुत्र संदीप साह को गिरफ्तार किया है। इस मामले में मधुबनी जिले के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव निवासी व अनुसंधान इंबेस्टीगेशन व सिक्योरिटी के मुख्य जांचकर्ता नवीन कुमार झा के आवेदन पर संदीप के खिलाफ थाने में फर्जीवाड़ा व जालसाजी सहित कई अन्य मामलों की प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने पूछताछ के बाद मंगलवार को आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्राथमिकी में नवीन ने बताया है कि वे मुख्य जांचकर्ता के पद पर कार्यरत है। पिछले कई महीनों से टाटा कंपनी के नाम से नकली चायपत्ती की बिक्री हो रही थी। कंपनी की जांच टीम द्वारा सर्वे करने पर पता चला कि केवटी में नकली चायपत्ती बनाया व बेचा जा रहा है। इसकी सूचना केवटी थाने को दी गई। थाना अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने पुलिस बल के जवानों के साथ सोमवार की शाम केवटी जीवड़ा गांव पहुंचकर संदीप साह के घर छापेमारी की और उसके घर की तलाशी ली। इस दौरान पुलिस ने उसके घर से टाटा प्रिमियम 100 ग्राम का भरा हुआ 460 पैकेट, टाटा प्रिमियम 50 ग्राम का भरा हुआ 238 पैकेट, टाटा अग्नि 250 ग्राम का 69 पैकेट, टाटा गोल्ड 250 ग्राम का 82 व टाटा लाइफ 100 ग्राम का 31 पैकेट नकली चायपत्ती के अलावा टाटा प्रिमियम का खाली रेपर 100 ग्राम में 729 पीस व टाटा प्रिमियम में ही 50 ग्राम में खाली रेपर 566 पीस व शिवम इंडिया कंपनी की एक पीस पैकिग मशीन को बरामद किया है।

**Source:** https://www.jagran.com/bihar/darbhanga-duplicate-product-booked-19916119.html